**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 97 /03/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2022-23/01-परीक्षा/2022**

लखनऊ : दिनांक : 02 दिसम्बर, 2023

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2022, राजस्व लेखपाल मुख्य परीक्षा-(प्रा0अ0प0-2021)/02 के अंतर्गत राजस्व लेखपाल के रिक्त पदों पर चयन हेतु मुख्य परीक्षा दिनांक 31.07.2022 के उपरान्त उक्त परीक्षा से सम्बन्धित प्रश्नपत्र की 08 सीरीज (A, B, C, D, E, F, G तथा H) की संशोधित उत्तर कुंजी अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ आयोग की वेबसाइट पर विज्ञप्ति संख्या-50/03/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2022/01-परीक्षा/2022 द्वारा दिनांक 07.09.2022 को प्रकाशित की गयी थी।

उक्त के क्रम में प्रश्नगत परीक्षा से सम्बन्धित समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विशेष अनुज्ञा याचिका/डायरी संख्या-24736/2023 श्रीधर यादव तथा अन्य प्रति उ0प्र0 राज्य तथा अन्य में पारित आदेश दिनांक 21.11.2023 के अनुपालन में मा0 आयोग द्वारा प्रश्नगत विज्ञापन की दिनांक 07.09.2022 को प्रकाशित उत्तर कुंजी को, निम्न 01 प्रश्न के सापेक्ष, निम्नवत संशोधित/ परिवर्तित किये जाने का निर्णय लिया गया है-

| प्रश्न पुस्तिका सीरीज | A | B | C | D | E | F | G | H |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सम्बन्धित प्रश्न पुस्तिका सीरीज में प्रश्न संख्या | 91 | 86 | 80 | 99 | 95 | 88 | 77 | 92 |
| उत्तर का संशोधित विकल्प | (D) | (D) | (D) | (D) | (D) | (D) | (D) | (D) |

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि मा0 आयोग द्वारा सम्यक विचारोपरान्त प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत निम्न 01 प्रश्न के सापेक्ष सभी अभ्यर्थियों को पूर्ण अंक (Full Marks) प्रदान किये जाने व दिनांक 07.09.2022 को प्रकाशित उत्तर कुंजी को निम्नवत संशोधित/ परिवर्तित किये जाने का भी निर्णय लिया गया है-

| प्रश्न पुस्तिका सीरीज | A | B | C | D | E | F | G | H |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सम्बन्धित प्रश्न पुस्तिका सीरीज में प्रश्न संख्या | 95 | 90 | 85 | 79 | 98 | 92 | 82 | 97 |
| उत्तर का संशोधित विकल्प | Full Marks | Full Marks | Full Marks | Full Marks | Full Marks | Full Marks | Full Marks | Full Marks |

अतः विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा/2022, राजस्व लेखपाल मुख्य परीक्षा-(प्रा0अ0प0-2021)/02 के अंतर्गत दिनांक 07.09.2022 को प्रकाशित उत्तर कुंजी के 02 प्रश्नों के उत्तरों को उपर्युक्त विवरणानुसार संशोधित/परिवर्तित समझा जाय।

विधान जायसवाल
02.12.2023
(परीक्षा नियंत्रक)